C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com | सप्तमं कालरात्रि



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:03 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ




हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 94 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 29 सितम्बर 2025

नवरात्रि के सातवें दिन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दमुवाढूंगा क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर

**हल्द्वानी।** वर्षों से मालिकाना हक की जंग लड़ रहे दमुवाढूंगा क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर आई है। प्रशासन ने यहां मालिकाना हक दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए सीमांकन कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रथम पिलरबंदी में विधायक बंशीधर भगत, महापौर गजराज बिष्ट, पूर्व मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला और स्थानीय पार्षद मौजूद रहे। राजस्व विभाग की टीम ने सर्वे बिंदुओं की पहचान कर पिलर स्थापित किए ताकि भूमि रिकॉर्ड का सटीक और व्यवस्थित अभिलेख तैयार हो सके। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल शाह और तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने मौके पर जाकर कार्य का जायजा लिया। अफसरों ने स्पष्ट किया कि सीमांकन त्रुटिरहित और शीघ्र पूरा किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि सर्वे डीजीपीएस सिस्टम से होगा और इसमें वन विभाग भी शामिल रहेगा।

### पहाड़ों में मौसम सुहाना, मैदानी इलाकों में तेवर दिखा रही गर्मी

**देहरादून।** उत्तराखंड से मानसून की विदाई हुई तो पहाड़ से लेकर मैदान तक लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन बीते कुछ दिनों से गर्मी अपने तेवर खूब दिखा रही है। हालांकि पहाड़ों में भले मौसम सुहाना हो रहा लेकिन मैदानी इलाकों में चटक गर्मी परेशानी बढ़ा रही है। आंकड़ों पर नजर डाले तो दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री के इजाफे पर दर्ज किया जा रहा है। रविवार को यहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री रहा। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोत्तरी के साथ 22.6 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश भर में देखने को मिला। उधर भले पर्वतीय इलाकों में मौसम सुहाना हो रहा हो लेकिन दिन के समय वहां पर भी चटक धूप परेशान कर रही है। उधर सड़क पर चलने वाले राहगीरों व दोपहिया चालकों की मुसीबत सड़कों पर उड़ती धूल ने बढ़ाई हुई है। उधर आने वाले दिनों की बात करें तो सितंबर के आखिरी दिनों तक मौसम का मिजाज कुछ ऐसे ही रहने के आसार हैं।

## ट्रॉफी विवाद में बीसीसीआई का ऐलान आईसीसी से करेंगे नकवी की शिकायत

नई दिल्ली/मुंबई
एजेंसी

एशिया कप 2025 का फाइनल जीतने के बावजूद भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं मिल पाई, क्योंकि कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत विरोधी बयानों के लिए जाने जाते हैं।

भारत ने इसकी घोषणा काफी पहले ही कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद नकवी ट्रॉफी वितरण समारोह के दौरान स्टेज से नहीं हटे। अब बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि भारतीय टीम का यह कदम पूरी तरह सही था और बोर्ड इस मामले को लेकर नवंबर में होने वाली आईसीसी की बैठक में बहुत मजबूत विरोध दर्ज कराएगा।



**भारत ने 3-0 से पाकिस्तान को पटखनी:** सैकिया ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में सातों मैच जीते और पाकिस्तान को तीन बार हराया। उन्होंने कहा, यह टीम इंडिया के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस जीत ने देशवासियों को गर्व का एहसास कराया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने सरकार की नीति के तहत ही टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, जब भी द्विपक्षीय सीरीज होती है, भारत पाकिस्तान से नहीं खेलता। लेकिन बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में, जैसे एशिया कप, हमें खेलना पड़ता है वरना अन्य खेलों में भी बैन लग सकता है।

### सूर्यकुमार का बयान, असली ट्रॉफी मेरी टीम है

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि ट्रॉफी न मिलना जरूर दुखद है, लेकिन उनके लिए असली ट्रॉफी उनकी टीम है। सूर्यकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जबसे मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया है, कभी नहीं देखा कि विजेता टीम को ट्रॉफी न मिले। लेकिन मेरे लिए असली ट्रॉफी मेरी टीम है। सभी 14 खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मेरी यादों की असली ट्रॉफी हैं। ये पल मेरे लिए हमेशा खास रहेंगे। सूर्या ने आगे कहा, जब टूर्नामेंट खत्म होता है तो सिर्फ चैंपियंस याद रहते हैं, ट्रॉफी की फोटो नहीं।

### पीओके में आमने-सामने आए लोग और सुरक्षाबल

## पाकिस्तान में बगावत के हालात सरकार ने की इंटरनेट सेवा बंद

नई दिल्ली
एजेंसी

अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि %हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं।% उन्होंने कहा कि %अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।



पाकिस्तान में बगावत के सुर लगातार तेज हो रहे हैं। एक तरफ जहां बलूच लड़ाके पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किए हुए हैं, वहीं अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बगावत भड़क गई है और हजारों लोग शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। वहीं हालात को देखते हुए पाकिस्तान की सरकार ने पीओके में भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी है। सुरक्षाबल विभिन्न शहरों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। पीओके में एक नागरिक समूह अवामी एक्शन कमेटी ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का एलान किया है। इसके तहत सभी बाजार और परिवहन बंद रखे गए हैं। समूह ने 38 बिंदु वाला एक चार्टर जारी किया है, जिसमें पीओके के प्रशासन में ढांचागत सुधार की मांग की गई है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि पीओके विधानसभा में जो 12 सीटें कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, उन्हें खत्म किया जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इससे प्रशासन में उनका प्रतिनिधित्व कमजोर होता है। साथ ही मंगला हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से सस्ती बिजली देने की भी मांग की गई है। साथ ही पाकिस्तान सरकार ने जो वादे किए हैं, उन्हें भी पूरा करने की मांग की गई है। अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि %हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।

## हल्द्वानी में यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण को लेकर पुलिस और आंदोलनकारियों में टकराव

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) पेपर लीक मामले को लेकर हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में चल रहा शांतिपूर्ण धरना सोमवार को उग्र रूप ले बैठा जब पुलिस ने अनशन पर बैठे आंदोलनकारी भूपेंद्र कोरंगा को जबरन हटाने का प्रयास किया। इसके विरोध में आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को अनशन पर बैठे छात्र छात्राओं के साथ धक्का मुक्की करना पड़ा, जिससे पूरे धरना स्थल पर अफरातफरी मच गई। छात्र-छात्राएं पिछले कई दिनों से यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की सी बी आई की जांच की मांग को लेकर बुद्ध पार्क में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि सरकार दोषियों को बचा रही है और बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। सोमवार को जब पुलिस ने धरने पर बैठे भूपेंद्र कोरंगा को जबरन उठाने की कोशिश की, तब छात्रों ने इसका कड़ा विरोध किया। आरोप है कि पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ हाथापाई करना शुरू कर दी। और धरना स्थल को जबरन खाली कराने की कोशिश की। इसी दौरान भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पुलिस ने धरना स्थल पर बैठी छात्राओं से अभद्रता की। कुछ छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनके कपड़े तक फाड़े गए, जिससे गुस्साए प्रदर्शनकारी उग्र हो उठे। इस घटना ने पूरे आंदोलन को और भड़का दिया। सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र दानू ने इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा सरकार बेरोजगारों के साथ छलावा कर रही है। छात्र शांतिपूर्वक अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सरकार बल प्रयोग कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है। दानू ने इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच नहीं होगी, तब तक युवाओं को न्याय नहीं मिल सकता। धर्मस्थल पर ललित जोशी, हरीश पनेरु, जया कर्नाटक, हेमंत साहू, सहित दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## किराया मांगने पर जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मुंबई के चर्चित पत्रकार जेडे हत्याकांड के सजायाफ्ता दीपक सिसोदिया के बेटे व कांट्रेक्टर अजय को जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पांच महीने पहले हुई इस घटना में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

जीतपुर नेगी रामपुर रोड निवासी अजय सिसोदिया ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व अपनी पोकलेन अल्मोड़ा के ताड़ीखेत तल्ला सीमा निवासी विजय प्रकाश पांडे को किराये पर दी थी। बारामासी सड़क बनाने के दौरान पोकलेन चलाई गई। अजय के अनुसार विजय को पोकलेन के किराये के करीब 60 लाख रुपये का भुगतान करना है। एक मई 2025 को उनके यहां काम करने वाले अमन पाल ने विजय से किराये की राशि देने की मांग की तो वह अभद्रता करने लगा। इसी रात आरोपी ने उसे फोन कर गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। अजय के अनुसार दो मई को उसने हल्द्वानी कोतवाली में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चार दिन बाद उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई। यहां भी सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




# पेपर लीक प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है सरकार: धामी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार की ओर से जो भी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं सभी परीक्षाएं पारदर्शिता से हो तथा नकलविहीन हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का चयन परीक्षाओं में हो रहा है।

धामी के मुताबिक वर्ष 2021 से लेकर 2025 तक 25 हजार से अधिक नियुक्तियां बिना किसी नकल के पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई हैं। सीएम धामी ने कहा कि वर्तमान में जो पेपर लीक संबंधी प्रकरण चर्चा में आया है उसकी सरकार प्राथमिकता जाँच कर रही है उसके लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी जगह-जगह जाकर काम कर रही है।सीएम धामी ने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में उनके सुपरवीजन में कमेटी काम करेगी कहा कि कही कोई समस्या व सबूत व जानकारी किसी के पास हो वह एसआईटी को मुहैया करा सकते हैं। छात्रों के हित में सरकार हमेशा तत्पर रही है।

धामी रविवार को नैनीताल के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उत्तराखंड में आयी आपदा को लेकर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हर वर्ष विभिन्न प्रकार की आपदाओं का सामना करना पड़ता है। प्रदेश में अधिकतर आपदाएं भूस्खलन, बादल फ टना और अतिवृष्टि के रूप में सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि इन आपदाओं को रोका तो नहीं जा सकता लेकिन सरकार और प्रशासन अपनी ओर से पूरी तैयारी कर रहा है ताकि नुकसान को कम से कम किया जा सके। सीएम धामी ने राज्य में अवैध निर्माणों को लेकर कहा कि सरकार किसी भी सूरत में अवैध निर्माणों को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।





## माल रोड धंसाव प्रकरण पर जल्द जारी होगा बजट

नैनीताल में लगातार धस रही माल रोड को लेकर मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस विषय पर बीते दिनों हल्द्वानी में समीक्षा बैठक की गई थी। बैठक में माल रोड समेत बलियानाला समेत अन्य प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा हुई है। कहा कि जहाँ-जहाँ कार्य करने की आवश्यकता है वहां शीघ्र कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा जल्द ही इस दिशा में आवश्यक बजट जारी किया जाएगा ताकि समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

## सीएम धामी ने सुनी मन की बात

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भ्रमण पर पंहुचे सूबे के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 126 वां एपिसोड सुना। मुखयमंत्री ने कहा यह कार्यक्रम देश को नई सोच और सकारात्मक दिशा देने वाला है।

मुखयमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का काम किया है। जनहित में कार्य कर रहे लोगों की मेहनत और लगन को उन्होंने जन-जन तक पहुंचाया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान करने और स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेने की बात कही। मुखयमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2अक्टूबर गांधी जयंती पर खादी और स्वदेशी अपनाने का भी आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि 2 अकटूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद अवश्य खरीदें और सोशल मीडिया पर वोकल फार लोकल के साथ साझा करें। मुखयमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी इस मुहिम में अपना सहयोग देने का आग्रह किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की उन बेटियों का मान बढ़ाया जिन्होंने नाविका सागर परिक्रमा जैसी कठिन 47.500 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर नया इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री ने लोकल उत्पादों के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने की भी बात कही है। मुखयमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए सभी के सामने जो संकल्प रखे हैं उन्हें हम सबने मिलकर पूरा करना है। इस अवसर पर श्री डोमेश्वर साहू प्रांत प्रचारक, डॉ. शैलेंद्र, डॉ. नरेंद्र सिंह भंडारी, विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, दायित्वधारी डॉ अनिल कपूर, शांति महरा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल तथा जिलाधिकारी वंदना एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



## वेंडर्स की समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका परिषद नैनीताल में शनिवार को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत रेहड़ी, पटरी, हाकर्स के लिए लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया।

इस मौके पर अधिसाशी अधिकारी रोहिताश शर्मा द्वारा वेंडर्स व बैंक प्रतिनिधियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर वेंडर्स की समस्याओं का समाधान कराया व वेंडर्स की अन्य समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ. सरस्वती खेतवाल द्वारा वेंडर्स से सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर चन्दन सिंह भंडारी द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित 0अन्य कल्याणकारी योजनाओं के विषय में वेंडर्स को जानकारी प्रदान की व वेंडर्स से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि, सुडा कार्यालय के श्रीमती सोनू तिवारी तथा सीमा कुंवर उपस्थित रहे। अंत में सी0एम0एम0 श्रीमती सीमा पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नैनीताल में वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाने को लेकर हुई चर्चा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में 7 अकटूबर (मंगलवार) को आयोजित होने जा रहे भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस बनाने के संबंध में वाल्मीकि सभा के पदाधिकारियों व सभी चौधरी समाज के प्रतिनिधियों की बैठक पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा के साथ हुई।

बैठक में सभी ने प्रकट दिवस की कामयाबी के लिए विस्तार से चर्चा कर पालिका प्रशासन से सहयोग की गुजारिश की। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने पालिका प्रशासन के अधिकारियों व पालिकाध्यक्ष से गुजारिश की कि वह प्रकट दिवस को भव्य व दिव्य तरीके से मनाने के लिए एक लाख रुपएं से लेकर पांच लाख रुपएं की तक अनुदान राशि प्रदान करें। बैठक में वाल्मीकि सभा अध्यक्ष गिरीश भैया, उपाध्यक्ष राजू सरदार, महासचिव दिनेश कटियार,उपसचिव रोहित केसले,सचिव प्रदीप सहदेव, सरदार सुशील जॉन ,राजू चौधरी,धर्मेद्र पवार समेत वाल्मीकि मंदिर समिति से अध्यक्ष धीरज कटियार,उपाध्यक्ष सतीश पवार,सचिन संजय सिरोही, उपसचिव मोहित बेनीवाल,कोषाध्यक्ष सुनील पवार तथा विनोद पवार आदि शामिल रहे।





## सीएम धामी ने दिलाई पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार स्कूल में बच्चों को स्वच्छता ही सेवा के तहत गंगा शपथ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता ही सेवा के तहत गंगा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभियान तभी सफ ल होगा जब इसमें जन भागीदारी होगी। सीएम ने छात्रों का आह्वान किया कि वे अपने आस-पास सफ ई पर ध्यान देकर स्वच्छ उत्तराखण्ड की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को गति देने में सहयोगी बने। कहा कि हमारे स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता की भावना आये इस दिशा में भी हमें प्रयासरत रहना होगा। इससे पूर्व विद्यालय के छात्रों ने सीएम धामी की उपस्थिति में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुखयमंत्री दीपक रावत समेत विशेष सचिव मुखयमंत्री डॉ पराग मधुकर धकाते, आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना, नमामि गंगे कार्यक्रम उत्तराखंड के कार्यक्रम निदेशक विशाल मिश्रा, संचार विशेषज्ञ पूरन कापड़ी, सरस्वती विहार स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ सूर्य प्रकाश सहित विद्यालय के गुरुजन व कर्मी व छात्र आदि उपस्थित रहे।


**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक



पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत


## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो ने फांसी लगाकर जान दी, जबकि एक मजदूर सड़क हादसे में जिंदगी गंवा बैठा। घटनाओं से परिजनों में कोहराम मचा है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

पहली घटना नैनीताल तहसील क्षेत्र की है, जहां राजस्व अनुसेवक राजेंद्र सिंह परिहार (42) अपने घर में फंदे से लटके मिले। जब उनके बच्चे बाजार से घर लौटे तो उन्होंने पिता को फांसी पर लटका पाया और तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। राजेंद्र को बीडी पांडे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कानूनगो भुवन जोशी ने बताया कि राजेंद्र हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के थे। उनके दो बच्चे हैं, जो शहर के एक स्कूल में पढ़ते हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

दूसरी घटना में सड़क पार करते समय एक मजदूर की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में मजदूर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 42 वर्षीय नत्थू लाल निवासी शाही, मीरगंज (बरेली, यूपी) के रूप में हुई है। वह हाल मोटाहल्दू में रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में लिया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आखरी घटना मंडी परिषद क्षेत्र की है। यहां सब्जी मंडी में पल्लेदारी करने वाले 39 वर्षीय प्रेम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। मूल रूप से नेपाल निवासी प्रेम दुकान के ही कार्यालय वाले कमरे में रहता था। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और मामले की जांच की जा रही है।

## सीएम ने किया पीपीजे में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सीएम धामीन ने ई-लाइब्रेरी को शिक्षा के डिजिटलीकरण में विकास की महत्वपूर्ण कडी बताते हुए कहा कि यह शुरुआत विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय अध्ययन सामग्री मुहैया कराएगी और उन्हें 21वीं सदी के अनुरूप तैयारी करने के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का मैन उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना और उन्हें तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाना है। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक प्रयासों की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएँ दीं। क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री डोमेश्वर साहू ने इस ई-लाइब्रेरी को शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ज्ञान के स्रोतों तक आसान पहुँच आवश्यक है और यह सुविधा छात्रों को वैश्विक स्तर की शैक्षणिक सामग्री से जोड़ेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सूर्य प्रकाश ने ई-लाइब्रेरी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस सुविधा से विद्यालय के लगभग 750 छात्र प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी भी सुगमता से कर सकेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक श्री श्याम अग्रवाल ने मुखयमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि ई-लाइब्रेरी की शुरुआत से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति नई रुचि उत्पन्न होगी।



उन्होंने विश्वास जताया कि यह सुविधा विद्यार्थियों को न केवल पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने में मदद करेगी बल्कि उन्हें डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र , प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष प्रो. अजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विपिन , संरक्षक के.पी. काला , पुस्तकालय अधीक्षक अक्षय यादव, विजय पाण्डे , विष्णु प्रसाद मिश्रा, प्रियांशु सहित विद्यालय के छात्र एवं षिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# अभिमत

## निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न

*देश की प्रतिष्ठित जांच एजेंसियों को लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को देश की एक प्रीमियर जांच एजेंसी बताते हुए कहा कि उसे न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि ऐसा करके दिखाना भी होगा। कानून के शासन द्वारा संचालित क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा बेहद मायने रखती है, इसलिए धारणा होनी चाहिए कि सीबीआई, ईडी आदि पूरी तरह आजाद हैं। शीर्ष अदालत ने वर्ष 2013 में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई की तुलना 'पिंजरे में बंद तोते' से की थी। अब एक बार फिर सीबीआई की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है।*

लोकतंत्र में विधायिका और कार्यपालिका शासन एवं प्रशासन की व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी निभाती हैं। विधायिका नीति का निर्धारण करती है और कार्यपालिका शासन की नीति, योजनाओं, नियमों के कार्यान्वयन की भूमिका निभाती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रहित और जनहित सर्वोपरि होता है, यदि शासन और प्रशासन कोताही बरतता है तो न्यायपालिका संविधान के अनुरूप सुधार का आदेश देती है। न्यायपालिका का आदेश शासन व प्रशासन मानने को बाध्य हैं। देश की प्रतिष्ठित जांच एजेंसियों को लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को देश की एक प्रीमियर जांच एजेंसी बताते हुए कहा कि उसे न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि ऐसा करके दिखाना भी होगा। कानून के शासन द्वारा संचालित क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा बेहद मायने रखती है, इसलिए धारणा होनी चाहिए कि सीबीआई पूरी तरह आजाद है। शीर्ष अदालत ने वर्ष 2013 में कोयला घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई की तुलना 'पिंजरे में बंद तोते' से की थी। अब एक बार फिर सीबीआई और ईडी की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा है। दरअसल कई नेताओं के खिलाफ जांच चल रही है। प्रवर्तन निदेशालय तथा सीबीआई शीर्ष अदालत में ठोस तथ्य पेश नहीं किये। अंततः जेल में बंद नेताओं को सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत पर छोड़ दिया। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी सबसे महत्वपूर्ण है और भविष्य में नजीर साबित होगी कि किसी को बिना वजह जेल में बंद रखना उसके स्वतंत्र नागरिक होने के अधिकार का उल्लंघन है। आरोपियों को दोषी ठहराने का काम न्यायपालिका का है और ठोस तथ्यों के आधार पर फैसले में समय लगता है। मुख्य विषय जांच एजेंसियों की कार्यशैली, विश्वसनीयता तथा सरकार के दबाव में काम करने का है। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के दौरान सपा और बसपा के समर्थन पर भी आरोप लगा था कि मुलायम सिंह यादव और मायावती के खिलाफ सीबीआई जांच का डर दिखाकर कांग्रेस समर्थन हासिल करती रही। केन्द्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि प्रवर्तन निदेशालय तथा सीबीआई के छापे विपक्षी नेताओं पर सरकार के इशारे पर डाले जा रहे हैं। छापों के डर से जब कोई नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो गंगोत्री में स्नान करने पर उसके पाप धुल जाते हैं। जांच एजेंसियां निष्पक्ष व विश्वसनीय होनी चाहिएं।





# मां दुर्गा पूजा महोत्सव का हुआ भव्य आगाज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में रविवार से नैनीताल में पांच दिवसीय श्री मां दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ हो गया है।

इससे पूर्व रविवार की सुबह मां नयना देवी मंदिर परिसर से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली,जिसमें महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनी हुई थी। कलश यात्रा के साथ ही स्कूली बच्चों की झांकियां के साथ बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मल्लीताल पंत पार्क, रिकशा स्टैंड, खड़ी बाजार और उसके बाद मां नयना देवी मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। सांस्कृतिक झांकी में कुमाऊंनी व बंगाली संस्कृति का मिलन देखने को मिला। मंदिर परिसर में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शाम को विधि विधान की गयी,उसके बाद मां नयना देवी मंदिर परिसर में मूर्तियों को भकतजनों के दर्शन के लिए स्थापित कर दिया। इस दौरान माहौल भकतिमय बना रहा।

कलश यात्रा में मंजू रौतेला, मंजू पांडे, मुन्नी भट्ट, अनुराधा भटट, कुसुमलता सनवाल,रश्मिी राणा, निभा वर्मा, सरिता कुरिया, सीमा पाण्डे, सुमन साह, डौली भट्टाचार्य, मंजू बोरा, मुन्नी भट्ट, कविता कांडपाल, सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार समेत दिनेश भट्ट, पीके शर्मा तथा आलोक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है...

**अल्मोड़ा/बागेश्वर।** नगर के ढूंगाधारा लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, लाला बाजार समेत अन्य स्थानों पर रविवार को मां दुर्गा पंडालों में भक्तों ने भजनों से देवी मां का गुणगान किया। इसके अलावा भक्तों ने घरों में मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना की। दुर्गा पंड़ालों में चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है..., ऊंचे पर्वत पर रानी मां ने दरबार लगाया है... समेत अन्य भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मां दुर्गा महोत्सव के कार्यक्रम चल रहे हैं। उधर बागेश्वर नुमाइशखेत मैदान में मां दुर्गा और देवी पूजा पंडाल में सुबह से शाम तक भजन-कीर्तन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कपकोट के केदारेश्वर मैदान और खरही के जोशीगांव में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव में भी लोग दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। सरयू घाट में शाम की आरती के बाद महिलाएं भजनों मां का गुणगान कर रही हैं। इस दौरान महिलाओं ने अंगना में मैया पधारी, जागी किस्मत हमारी..., सांची है तू सांचा तेरा दरबार शेरावालिए..., तूने मुझे बुलाया शेरावालिए..., देवी भगवती मैया, तू दैंणी है जाए... आदि भजनों से मां दुर्गा की स्तुति की। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष मुकेश साह और देवी पूजा कमेटी के संरक्षक राजेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### मांगों की अनदेखी से नैनीताल के राजकीय वाहन चालक गुस्से में

**नैनीताल** । राजकीय वाहन चालक महासंघ की बैठक संघ भवन में हुई। बैठक में वाहन चालकों ने उनकी लंबित मांगों पर अभी तक प्रदेश सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर रोष जताया गया। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मांगों को पूरा करने की गुजारिश की।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम नियति से बदलकर नियति केसरवानी रख लिया है, अत: भविष्य में मेरी पुत्री को नियति केसरवानी नाम से जाना पहचाना जाये। - **नीरज कुमार पुत्र भोलानाथ केसरवानी, 84, भगवती कुंज पालम सिटी देवलचौड़, रामपुर रोड, हल्द्वानी ( नैनीताल. )**

# डॉ. गोविंद सिंह तितियाल ने संभाला मेडिकल कॉलेज प्राचार्य का पदभार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय मेडिकल कॉलेज को प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला। डॉ. गोविंद सिंह तितियाल ने मेडिकल कॉलेज के नए प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) का चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया।

शासन के आदेश के अनुसार, डॉ. तितियाल को फिलहाल रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज का प्राचार्य पद भी अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है। उन्होंने पदभार संभालने के बाद कहा कि कॉलेज की चिकित्सकीय, शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों और फैकल्टी सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।वहीं, पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने शनिवार को जनरल मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यभार संभाला।




साथ ही उन्हें एसटीएच का चिकित्सा अधीक्षक भी नियुक्त किया गया है। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही दिल के मरीजों के लिए राहत की खबर आई है। 26 दिन से बंद चल रही ईको जांच अब दोबारा शुरू हो जाएगी। संकाय सदस्यों ने कहा कि डॉ. जोशी के लंबे चिकित्सकीय अनुभव का लाभ निश्चित रूप से मरीजों और मेडिकल कॉलेज दोनों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य रहे डॉ. पंकज सिंह ने प्रो. डॉ. साधना अवस्थी को चिकित्सा अधीक्षक का कार्यभार सौंपा था।

अब डॉ. जोशी के अधीक्षक बनने से अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा सेवाओं में और मजबूती आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस नए प्रशासनिक बदलाव से जहां कॉलेज की शैक्षणिक और चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा मिलने की संभावना है, वहीं मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

## शारदीय नवरात्रि

# नवरात्रि के सातवें दिन होती है मां कालरात्रि की पूजा



*नवरात्रि का आज सातवां दिन है और इस दिन मां दुर्गा की सातवीं शक्ति माता कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। माता कालरात्रि को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी भी कहा जाता है। माता कालरात्रि की विधिवत रूप से पूजा अर्चना औ उपवास करने से मां अपने भक्तों को सभी बुरी शक्तियां और काल से बचाती हैं अर्थात माता की पूजा करने के बाद भक्तों को अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। माता के इसी स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती है इसलिए तंत्र मंत्र करने वाले माता कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा अर्चना करते हैं। माता कालरात्रि को निशा की रात भी कहा जाता है। असुर शुंभ निशुंभ और रक्तबीज ने सभी लोगों में हाहाकार मचाकर रखा था, इससे परेशान होकर सभी देवता भोलेनाथ के पास पहुंचे और उनसे रक्षा की प्रार्थना करने लगे। तब भोलेनाथ ने माता पार्वती को अपने भक्तों की रक्षा करने को कहा। भोलेनाथ की बात मानकर माता पार्वती ने मां दुर्गा का स्वरूप धारण कर शुभ व निशुंभ दैत्यों का वध कर दिया। जब मां दुर्गा ने रक्तबीज का भी अंत कर दिया तो उसके रक्त से लाखों रक्तबीज उत्पन्न हो गए। यह देखकर मां दुर्गा का अत्यंत क्रोध आ गया। क्रोध की वजह से मां का वर्ण श्यामल हो गया। इसी श्यामल रूप को से देवी कालरात्रि का प्राकट्य हुआ। इसके बाद मां कालरात्रि ने रक्तबीज समेत सभी दैत्यों का वध कर दिया और उनके शरीर से निकलने वाले रक्त को जमीन पर गिरने से पहले अपने मुख में भर लिया। इस तरह सभी असुरों का अंत हुआ। इस वजह से माता को शुभंकरी भी कहा गया।*

### मां कालरात्रि की पूजा का महत्व

*असुरों और दुष्टों का संहार करने वाली माता कालरात्रि की पूजा करने और सच्चे मन से प्रार्थना करने पर सभी दुख दूर रहते हैं और जीवन और परिवार में सुख शांति का वास रहता है। शास्त्रों और पुराणों में बताया गया है कि मां कालरात्रि की पूजा व उपवास करने से सभी नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को आशीष प्रदान करती है और बल व आयु में वृद्धि होती है। माता कालरात्रि की पूजा रात्रि के समय में भी की जाती है। रात को पूजा करते समय ? ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै नम: मंत्र का सवा लाख बार जप करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।*

# उच्च शिक्षा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत विशेष आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुलपति के मौखिक निर्देश के क्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित उच्च शिक्षा आपके द्वार अभियान के अंतर्गत राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हल्द्वानी के सभागार में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन आए दर्शकों के बीच उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।अभिप्रेरण कार्यक्रम में नाट्य समारोह में आए दर्शकों के बीच उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में नामांकन एवं यूजीसी समर्थित दोहरी डिग्री प्रोग्राम के बारे में भी अवगत कराते हुए हल्द्वानी शहर के दर्शकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर साइनिंग स्टार स्कूल रामनगर के शिक्षक एवं निदेशक, किच्छा से आई सामाजिक कार्यकर्ता एवं रंगकर्मी ज्योति गांधी, राजकीय महाविद्यालय तलवाडी से आए हिंदी के प्राध्यापक डॉ खेमराज, शैलनट के अध्यक्ष श्री राजीव शर्मा जी , हल्द्वानी शहर के विद्वतजन व नाट्यप्रेमीयों से राजनीति विज्ञान विभाग की डॉ. लता जोशी ने संवाद किया।



## News कॉर्नर

### अखिल भारतीय महिला परिषद ने किया साइबर क्राइम गोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल ।** अखिल भारतीय महिला परिषद नैनीताल द्वारा साइबर क्राइम एवं साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के शहीद हीरा वल्लभ भट्ट राजकीय इण्टर कॉलेज ज्योलीकोट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ साइबर सेल के श्री सद्दाम, श्री प्रकाश भंडारी एवं अधिवक्ता सुश्री तनुप्रिय जोशी ने प्रतिभागियों को समाज में हो रहेसाइबर क्राइम संबंधी जानकारियां दी तथा कहा कि वह अपने परिवार और मित्रों को सावधान करें तथा कोई भी समस्या आने पर साइबर सेल से संपर्क करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों सहित छात्रों- छात्राओं ने साइबर क्राइम एवं निवारण संबंधित जानकारी प्राप्त की । परिषद की ओर से परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद दिया गया । मंजू कोटलिया ने इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस मौके पर प्रीति शर्मा सचिव, गीता पांडे उपसचिव, लीला बोरा तथा पार्वती मेहरा उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर आम जनमानस को जोड़ने की मुहिम

**नैनीताल ।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 439 वें दिन भी जारी रहा।
दिनेश गुरुरानी द्वारा पौधारोपण अभियान के 439 वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरु रानी की स्मृति में नित्य की भांति तारा दत्त गुरुरानी स्मृति पौध लगाया । उन्होंने कहा कि जहां वह प्रतिदिन स्मृति पौध लगाएंगे वहीं पौधारोपण अभियान से आम जनमानस को भी जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा।

# पूर्व विधायक शुक्ला के आवास पहुंचे छात्र संघ अध्यक्ष, सचिव समेत कई पदाधिकारी

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष,सचिव और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पदों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि मोहित चंद्र भट्ट सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के आवास पर पहुंचे और उन्होंने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक शुक्ला ने जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह जीत युवाओं के भरोसे, मेहनत और टीम के रणनीतिक प्रयासों का परिणाम है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। यह नई टीम छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेगी और कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की टीम के छात्र नेता धीरज सिंह,पूर्व छात्रसंघ सचिव रोहित भट्ट, छात्र नेता चंदन भट्ट, पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह पटेल, कमलचंद जोशी सहित वरिष्ठ छात्र नेताओं ने रणनीति बनाकर छात्रसंघ चुनाव लड़ाया और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद पर रजत सिंह बिष्ट ने 100 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की। सचिव पद पर जसवंत सिंह ने 1300 से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत हासिल की। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समर्थित मोहित चंद्र भट्ट ने निर्णायक बढ़त बनाकर जीत हासिल की। मतगणना पूर्ण होने के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पदों पर विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई गई। शपथ के बाद देर रात नव निर्वाचित अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, सचिव जसवंत सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि मोहित चंद भट्ट,पूर्व विधायक शुक्ला से मिलकर आशीर्वाद लिया।

# पुलिस की नामजद से मुठभेड़, पैर में लगी गोली, तमंचा व कारतूस बरामद

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

महाविद्यालय में नामांकन के दौरान हाईवे पर जाम और मारपीट के साथ ही फायरिंग करने में नामजद किच्छा निवासी गगन रतनपुरिया को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। जिसमें गगन ने पुलिस पर चार राउंड फायर किए। बाद में उसके पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस भी बरामद किया। साथ ही उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली।
बुधवार को सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों को लेकर नामांकन था। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष के दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने हाईवे पर यातायात बाधित कर दिया था। साथ ही उनके बीच हुई मारपीट के बाद एक पक्ष के जस्सी कचूरा और दूसरे पक्ष के सतपाल लाहौरिया ने फायरिंग कर दी



थी। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के जस्सी कचूरा, मनप्रीत उर्फ गोपी, अभय सक्सेना उर्फ चाइना, दानिश, गगन रतनपुरिया, चेतन मांगड़, अमृत चीमा, विक्रम, पार्षद जानी भाटिया, प्रिंस शर्मा, सतपाल लाहौरिया उर्फ पिंदर, हेमंत उर्फ नोनू मिश्रा, रवि रावत, आकाश यादव, आशीष यादव के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद दानिश के साथ ही प्रकाश में आए रखवीर सिंह और गुरपेज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि फरार चल रहे 14 नामजद आरोपितों की तलाश में पुलिस लगातार कार्रवाई जुटी हुई है। शनिवार रात को सूचना मिली कि फायरिंग में मारपीट में नामजद आरोपी गगन रतनपुरिया किच्छा से होते हुए सितारगंज की ओर जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर गगन रतनपुरिया ने चार राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की तो एक गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके बाद से तमंचा और कारतूस बरामद किया। पुलिस ने साथ ही उसे उपचार के लिए सितारगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। यहां से उसे जेल भेज दिया। सूत्र बताते हैं कि रतनपुरिया के साथ कई अन्य भी साथी थे और पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस पूछताछ कर रही है।
एसएसपी के मुताबिक पुलिस फायरिंग और मारपीट के आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। रात को सूचना मिली कि गगन रतनपुरिया सितारगंज की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने उसे घेरा तो चार राउंड फायर किए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में लग गई। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी है।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया एनएसएस दिवस

**नैनीताल/भीमताल**
**हमारे संवाददाता**

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी द्वारा एनएसएस दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसे विश्वविद्यालय के निदेशक कर्नल एके नायर (सेवानिवृत्त), डॉ. संदीप बुधानी, कायक्रम अधिकारी डॉ. अमित मित्तल तथा डॉ. संतोशी सेन गुप्ता ने संयुक्त रूप से सम्पन्न किया।
सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज़ स्वयंसेविका द्वारा प्रस्तुत कृष्ण वंदना से हुआ। स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में प्रस्तुत विभिन्न समूह नृत्यों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता का सुंदर चित्रण किया। कुमाऊनी, गुजराती, पंजाबी और दक्षिण भारतीय लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में प्रस्तुत नाटक (स्किट) ने समाज सेवा में एनएसएस स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से दर्शाया। समारोह का समापन नवीन स्वयंसेवकों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के सम्मानित करने के साथ हुआ। एनएसएस दिवस के इस भव्य आयोजन ने न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया, बल्कि एनएसएस के मूल मंत्र स्वयं से पहले आप की सार्थकता को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया।



# हथियारों से लैस दबंग भाईयों का मोबाइल की दुकान ने घुस किया तांडव, जानलेवा हमला

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

खेड़ा वार्ड नंबर 17 में मोबाइल फोन के लेन-देन के विवाद ने खूनी झड़प का रूप ले लिया। इस मामले में फरीद अली की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।
पीड़ित फरीद अली ने बताया कि उसकी खेड़ा में 'रॉयल टेलिकॉम' नाम से मोबाइल की दुकान है। लगभग पांच माह पूर्व मोहल्ले के ही अरबाज ने दुकान से नया सैमसंग स्मार्टफोन खरीदा था और दो दिन में तीन हजार रुपये लौटाने का वादा किया था। लेकिन लंबे समय से वह रकम नहीं लौटा रहा था। जब फरीद ने फोन कर पैसे मांगे तो विवाद बढ़ गया। फरीद का आरोप है कि इसके बाद अरबाज अपने भाई सलमान, पिता फरीद बाबा और साथी सहेल के साथ दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि सभी लोग तमंचे, तलवार और धारदार हथियारों से लैस थे।
आरोपियों ने दुकान के भीतर घुसकर फरीद, उसके भाइयों इमरान और इरफान पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में इमरान के हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि इरफान के होंठ



**दबंगई**
- दुकान स्वामी व उसके भाईयों पर गंभीर चोटें, वीडियो भी वायरल
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की

व दांत टूट गए और उसके भी हाथ में गहरी चोट आयी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और खुलेआम कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मोहल्ले में उनकी दबंगई और पुराने अपराधिक इतिहास की चर्चा पहले से ही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि घटना की वीडियो भी वायरल हुई थी।

### तबीयत बिगड़ने से कैदी की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल जेल में बंद एक बंदी को तबीयत बिगड़ने पर बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बंदी विपिन गुप्ता (32) पिछले तीन महीने से जेल एनडीपीएस के एक मामले में बंद था। अस्पताल पहुंची मृतक की भाभी बीना ने बताया कि वह राजेंद्र नगर राजपुरा हल्द्वानी के रहने वाले हैं। विपिन की पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उसकी एक 3 साल की बेटी है। उन्होंने विपिन की मौत पर संदेह जताया। कहा कि मृतक के शरीर और कान के पास चोट के निशान हैं। तहसीलदार पूजा शर्मा ने बताया कि शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित बिशप शॉ इन्टर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल रही। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।
इस दौरान जल में कूड़ा निस्तारण प्लांट मॉडल को पहला स्थान मिला जिसे साहिल सिंह बोरा, कनिका कीर्ति व अक्षिता आर्या ने बनाया था। द्वितीय स्थान जूता पहनकर चलने से विद्युत निर्माण यंत्र को मिला जिसे दिव्यांशु कुमार, हिमांशु यादव तथा हिमाशु आर्या



व अभिषेक कुमार ने बनाया था। तृतीय रोपते को मिला जिसे रचित भट्ट,गौरख बिष्ट, कार्तिक बिष्ट तथा नमन कोहली व अक्षित कुमार ने बनाया था जबकि सांत्वना पुरुष्कार बलड ग्रुप टेस्ट मांडल को मिला जिन्हें कार्तिकेय शर्मा, सुमित कुमार तथा शगुन हनेवाल ने बनाया था।

# 31वीं वाहिनी पीएसी का 55वें स्थापना दिवस 30 सितंबर से शुरू

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

**तैयारी**
- 3 अक्टूबर को होगा समापन,मेले को भव्य बनाने को तैयारियां जोर-शोर से चल रही
- उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे

चार दिवसीय 31वी वाहिनी पीएसी का 55वे स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पीएसी परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी शानदार रंगारंग प्रस्तुति देंगे। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट ने बताया कि स्थापना दिवस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर 25 तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमिश्नर कुमाऊं दीपक रावत करेंगे। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ऊधमसिह नगर नितिन भदौरिया होंगे। पीएसी के सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट ने बताया कि उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में नक्सलवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियन्त्रण रखने के लिए 30 सितंबर 1970 को 31वी वाहिनी पीएसी का गठन हुआ था। जिसके बाद वाहिनी द्वारा प्रति वर्ष इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ वाहिनी के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य मेले एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले,खिलौनों,महिला साज-सज्जा सामग्री,पहाड़ी दालें,खाद्य सामग्री आदि के स्टाल भी लगाये जायेंगे। साथ ही विभिन्न उत्तराखंड के लोककलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि मेले के अंतिम दिन लक्की ड्रा कूपन भी निकाले जायेंगे। जिसमें विजेता के आकर्षित पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। मेले में जनता के अधिकाधिक प्रतिभाग करने से पीएसी कर्मियों एवं जनता के बीच समन्वय एवं सौहार्दय का वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। कठिन से कठिन परिस्थितियों में जवानों द्वारा वर्ष भर में की गई डयूटियों के कारण उत्पन्न हुए मानसिक तनाव को कम करने तथा जवानों में नयी ऊर्जा का संचार करने में मददगार सिद्ध होगा।